# केशव न्यूज

www.keshavtv24.com सोमवार 10 फरवरी 2025 बर्ष 01 अंक 01 पृष्ठ 4 keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

ज़िन्दगी में मनुष्य के आँखे बन्द करने से कभी मुसीबत नही टला करती है, बल्कि उस मुसीबत का सामना करने से मनुष्य की आँखे खुला करती हैं।

## आस पास की बड़ी खबर

संवाददाता केशव न्यूज

### *समस्तीपुर में 423 लोगों को मिला जॉब– नियोजन मेला में 2000 बेरा. `जगार हुए शामिल, 1588 अभ्यर्थियों का बायोडाटा लिया गया*

समस्तीपुर में श्रम संसाधन विभाग और जिला नियोजनालय ने जिलास्तरीय एक दिवसीय नियोजन–सह–व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया। मेला का उद्घाटन डीडीसी संदीप शेखर प्रियदर्शी ने द्वीप प्रज. ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि का स्वागत जिला नियोजन पदाधिकारी ने पौधा दे कर किया। इसके बाद कुशल युवा के छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया। साथ ही कुशल युवा केंद्र के मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कुशल युवा केन्द्रों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया गया।

नियोजन मेला में कुल 28 नियोजकों ने भाग लिया। मेला में लगभग 2000 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 1588 अभ्यर्थियों का बायोडाटा प्राप्त कर कुल–423 अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए औपबंधित रूप से चयन किया गया। अन्य नियोजकों का चयन प्रकियाधीन है।

मेला में उपस्थित पदाधिकारियों ने अभ्यर्थियों को नियोजन व कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। मेला में विभिन्न सरकारी वि. भागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। जिससे विभागों की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस मौके पर जिला मतस्य पदाधिकारी नियाजुद्दीन, सुमित कुमार सिंह जिला नियोजन पदाधिकारी, मनोज कुमार जैल, कारखाना निरीक्षक, राजीव कुमार और राकेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के अलावा लिपिक सरोज कुमार दास, लिपिक बसंत कुमार, क्लस्टर मैनेजर क्षमा कुमारी, रंजीत कुमार और कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### *बेगूसराय में आज सीपीआर प्रशिक्षण और स्वास्थ्य शिविर – 12 डॉक्टर करेंगे जांच, हार्ट अटैक से बचाव की ट्रेनिंग*

बेगूसराय के केशावे गांव में आज स्मृतिशेष रामानंद प्रसाद शर्मा की दूसरी पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर और सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग और अन्य बीमारियों के 12 विशेषज्ञ डॉक्टर जांच और मुफ्त दवा देंगे। सैकड़ों लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग देकर प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। वरिष्ठ लेखक अभिरंजन कुमार ने कहा कि सीपीआर के महत्व को देखते हुए इसे 15 करोड़ लोगों तक पहुंचाना है। इस मेले में कोई भी व्यक्ति आकर यह ट्रेनिंग ले सकता है। शाम 5 बजे से सम्मान समारोह में तीन लोगों को रामानंद बाबू ऑनेस्टी अवॉर्ड और कई चिकित्सकों को स्वास्थ्य नायक सम्मान से नवाजा जाएगा।

# 79 बिजली उपभोक्ताओं को नोटिस, 10.39 लाख रूपए बकाया बिल जमा न करने पर सर्टिफिकेट केस दर्ज, 15 दिन की मोहलत

**79 बिजली उपभोक्ताओं पर 10.39 लाख बकाया 15 दिन में जमा नहीं किया तो होगा सर्टिफिकेट केस**

संवाददाता केशव न्यूज



बिजली विभाग ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने कुल 79 बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किया है, जिन पर कुल 10.39 लाख रुपए का बकाया है। इन उपभोक्ताओं को 15 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय सीमा में बिल न जमा करने पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाएगा।

विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास कुमार ने बताया कि ष्बकाएदारों को कई बार अवसर दिए गए, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। अब जो उपभ. ोक्ता समय पर राशि जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष इसी तरह के मामले में 144 उपभोक्ताओं पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया था।

जनवरी माह में विभिन्न सेक्शनों में नोटिस जारी किए गए हैं, नईसराय सेक्शन के 31 बकायेदार , सोहसराय सेक्शन के 29 बकायेदार , बड़ी पहाड़ी सेक्शन के 19 बकायेदार । विभाग ने विशेष अभियान के तहत अपने पदाधिकारियों और कर्मियों को इस कार्य में लगाया है। जिन घरों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का बिजली कनेक्शन काटा गया था, उनकी संपत्तियों को जब्त कर बकाया राशि की वसूली की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संपत्तियों की नीलामी की भी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बिजली विभाग के अनुसार, कुछ उपभोक्ताओं पर 50 से 60 हजार रुपए तक का बकाया है। कई उपभोक्ताओं ने 3 से 4 महीने से बिल का भुगतान नहीं किया है। विभाग ने अब ऐसे बकायेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है।

बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करें ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बकाया राशि जमा न करने वालों के लिए किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी।

# जदयू विधायक के कार्यक्रम में शराबी का हंगामा– धक्का–मुक्की के बाद अशोक चौधरी को मंच छोड़ना पड़ा, भीड़ ने कुर्सी से सिर फोड़ा

**जदयू विधायक के कार्यक्रम में शराबी का हंगामारू धक्का–मुक्की के बाद अशोक चौधरी मंच से उतरे**

संवाददाता केशव न्यूज



मुजफ्फरपुर जिले के सकरा विधानसभा क्षेत्र के बाजितपुर अशोक गांव में रविवार को जदयू विधायक अशोक चौधरी के कार्यक्रम में शराबी युवक द्वारा उत्पात मचाने से अफरा–तफरी मच गई। विधायक मंदिर निर्माण के लिए चंदा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान मंच से विधायक अशोक चौधरी संबोधित कर रहे थे। इसी बीच शराब के नशे में धुत एक युवक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा और वहां मौजूद लोगों के साथ धक्का–मुक्की करने लगा। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि विधायक को मंच से उतरकर मामले को शांत कराने की कोशिश करनी पड़ी। हालांकि, युवक शांत नहीं हुआ, जिसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों और सुरक्षा गार्डों को हस्तक्षेप करना पड़ा।

हंगामा कर रहे युवक की भीड़ ने जमकर पिटाई की। यहां तक कि उसे कुर्सी से भी मारा गया, जिससे उसका सिर फट गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक की पिटाई का दृश्य देखा जा सकता है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक कुंदन कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि युवक नशे की हालत में कार्यक्रम में पहुंचकर हंगामा कर रहा था। मामले की छानबीन की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। विधायक अशोक चौधरी ने घटना पर कहा, मैं कार्यक्रम के अंतिम चरण में वहां पहुंचा था। इस दौरान एक युवक आया और हंगामा करने लगा। बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां मौजूद थे। युवक उनसे धक्का–मुक्की करने लगा। स्थिति बिगड़ती देख मैं मंच से उतरकर मामले को शांत कराने लगा। हालांकि, मेरे साथ किसी प्रकार की धक्का–मुक्की नहीं हुई। मैंने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। कार्यक्रम के आयोजक अपनी व्यवस्था के अनुसार निर्णय लेंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। ग्रामीण मंदिर निर्माण में सहयोग देने के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे थे। विधायक अशोक चौधरी भी ग्रामीणों के इस प्रयास की सराहना करने और सहयोग देने के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। ग्रामीणों से पूछताछ भी की जा रही है ताकि घटना की विस्तृत जानकारी मिल सके। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी युवक ने शराब कहां से प्राप्त की, क्योंकि राज्य में शराबबंदी लागू है।

## महाकुंभ में भीषण जाम, संगम रेलवे स्टेशन 14 फरवरी तक बंद– 25 किमी लंबी वाहनों की कतार, लाखों लोग फंसे



संवाददाता केशव न्यूज । रविवार को महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते प्रयागराज के रास्तों पर भीषण जाम लग गया। संगम जाने और लौटने वाले सभी रास्तों पर 10 से 15 किमी तक जाम की स्थिति बनी हुई है। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा मार्गों पर 25 किमी तक गाड़ियां रेंगती रहीं। संगम में डुबकी लगाने आए और वापस लौट रहे श्रद्धालु घंटों से जाम में फंसे हैं। कई लोग 10–12 घंटे से भूखे–प्यासे जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

प्रयागराज जंक्शन पर भारी भीड़ को संभालने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया है। उत्तर रेलवे लखनऊ के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि 14 फरवरी तक प्रयागराज संगम स्टेशन बंद रहेगा।

प्रयागराज से लखनऊ आने वाले मार्ग पर 7 से 10 किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। सुलेम सराय की सड़क पर जाम ने यातायात ठप कर दिया। वाराणसी में ट्रेन की जगह न मिलने पर महिलाएं इंजन में चढ़ गईं। सैफई जाते समय अखिलेश यादव ने लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुला. कात की। उन्होंने यात्रियों की समस्याएं सुनीं और सरकार से महाकुंभ के दौरान मार्गों को टोल मुक्त करने की मांग की।

महाकुंभ जा रही ट्रेनों में भारी भीड़ देखी गई। वाराणसी में जगह न मिलने पर महिलाओं ने ट्रेन के इंजन का गेट बंद कर लिया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें बाहर निक. ाला। हरदोई में भी कोच का गेट न खोलने पर नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा किया और तोड़फोड़ की।



## फतुहा में टाइल्स मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत– 22 वर्षीय युवक को वाहन ने कुचला, दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

संवाददाता केशव न्यूज । पटना के फतुहा में रविवार रात हुए सड़क हादसे में 22 वर्षीय टाइल्स मिस्त्री मोनू कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सुकुलपुर गांव के पास फोरलेन पर हुआ, जब मोनू काम से पैदल घर लौट रहे थे। सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आक्रोशित होकर पटना–बख्तियारपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की करीब 3 किलोमीटर लंबी कतार लग गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फतुहा, नदी और दीदारगंज थानों की पुलिस बुलाई गई।

पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी पटना भेज दिया गया है ।

मोनू कुमार स्व. रामटहल सिंह के पुत्र थे और अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। वे शादीशुदा थे और उनकी दो छोटी बेटियां हैं। टाइल्स मिस्त्री के रूप में काम करके वह अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषी वाहन चालक की तलाश जारी है



## *नालंदा सदर अस्पताल में नवजात बच्ची मिली– दूध की बोतल के साथ कपड़े में लिपटी पाई गई; हालत स्थिर*

संवाददाता केशव न्यूज बिहारशरीफ – बिहार शरीफ स्थित नालंदा सदर अस्पताल में रविवार सुबह इमरजेंसी वार्ड के सामने एक नवजात बच्ची कपड़े में लिपटी हुई मिली। बच्ची के पास दूध की बोतल भी रखी थी। इस बात की जानकारी सबसे पहले अस्पताल में अपने बच्चे का इलाज कराने पहुंचे शिबू यादव ने दी।

शिबू यादव ने बताया, "इमरजेंसी वार्ड के पास से गुजरते समय मैंने बच्ची के रोने की आवाज सुनी। पास जाकर देखा तो एक नवजात बच्ची कपड़े में लिपटी पड़ी थी।"

डॉ. पंकज कुमार ने तुरंत चाइल्ड हेल. पलाइन नालंदा को सूचित किया। हेल. पलाइन अधिकारी रंजन कुमार पाठक के हस्तक्षेप के बाद बच्ची को अस्पताल के छब्ब वार्ड में भर्ती किया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की स्थिति स्थिर है।

सदर अस्पताल के अकाउंटेंट सुरजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए अस्पताल के ब्ब्ज्ट फुटेज खंगाले जा रहे हैं। यदि बच्ची के माता–पिता सामने नहीं आते हैं, तो उसे बाल संरक्षण इकाई के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक छटा, माउंट लिटेरा जी स्कूल ने मनाया विविधता का उत्सव

# माउंट लिटेरा जी स्कूल, ने अनेकता में एकता थीम के साथ वार्षिक समारोह का किया भव्य आयोजन

**नृत्य, संगीत और सम्मान का संगम माउंट लिटेरा जी स्कूल का वार्षिक समारोह सफल**

संवाददाता केशव न्यूज

सिलाव (नालंदा) – माउंट लिटेरा जी स्कूल, नालंदा ने अपने वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया, जिसकी थीम 'अनेकता में एकता' रही। यह आयोजन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक सौहार्द को समर्पित था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला न्यायाधीश धीरज कुमार भास्कर ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में धीरेन्द्र कुमार (अपर जिला न्यायाधीश, बिहारशरीफ), कन्हैया लाल यादव (अपर जिला न्यायाधीश, बिहारशरीफ), कुमार ओम्केश्वर (उप–विभागीय अधिकारी, राजगीर), सुनील कुमार सिंह (उप–विभागीय पुलिस अधिक. ारी, राजगीर), डॉ. मोहम्मद खुर्शीद आलम (पुलिस उपाधीक्षक, ट्रैफिक, नालंदा), अनिल कुमार (जिला कार्यक्रम अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा), अभिषेक कुमार पांडे (जेल अधीक्षक, बिहारशरीफ), मोहम्मद शाहनवाज (जिला कार्यक्रम अधिकारी, सिलाव प्रखंड) एवं ललन कुमार (सेक्रेटरी,



प्रज्ञा यूनिवर्सल फाउंडेशन ट्रस्ट) ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि धीरज कुमार भास्कर ने 'अनेकता में एकता' के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को सद्भाव व उत्कृष्टता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को दर्शाने वाले नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। इन शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। छात्रों को खेल और शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यक्ष अमन कुमार ने सभी अतिथियों, छात्रों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। माउंट लिटेरा जी स्कूल, नालंदा का यह वार्षिक समारोह अत्यंत सफल रहा, जिसने उपस्थित लोगों पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी। इस आयोजन ने समग्र शिक्षा और सांस्कृतिक सम्मान को बढ़ावा देने के स्कूल के संकल्प को और अधिक मजबूत किया।

## *सड़क हादसे में प्रशिक्षु दारोगा के पिता की मौत, जू सफारी जाते वक्त बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंदा*



संवाददाता केशव न्यूज । रविवार को नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जयप्रकाश उद्यान के पास बालू लदे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर रोड निवासी 57 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। उनकी बेटी जूही कुमारी, जो राजगीर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षु सब–इंस्पेक्टर (पीएसआई) हैं, हादसे में घायल हुई हैं। जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र प्रसाद पटना से राजगीर पुलिस अकादमी पहुंचे थे। बेटी जूही उन्हें राजगीर घुमाने के लिए बाइक से जू सफारी लेकर जा रही थीं। इसी दौरान जयप्रकाश उद्यान के पास बालू लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टर का पहिया टर्निंग के पास ब्लास्ट कर गया, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पिता–बेटी की बाइक से टकरा गया। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों को राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुरेंद्र प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जूही का इलाज जारी है। राजगीर थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने जीता स्वर्ण पदक लॉन बॉल में पश्चिम बंगाल को 15–14 से हराया

संवाददाता केशव न्यूज

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के 12वें दिन बिहार के लिए ऐतिहासिक सफलता का क्षण आया। राज्य के विभाजन के बाद पहली बार बिहार की बेटियों ने लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया।

खुशबू कुमारी, निखत खातून और पायल प्रीति की तिकड़ी ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को 15–14 से हराया। मुकाबले में एक समय बिहार की टीम 1–11 से पीछे थी, लेकिन खिलाड़ियों ने हिम्मत और कौशल दिखाते हुए स्कोर को 11–11 की बराबरी पर ला दिया। आखिरी क्षणों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने कहा, "यह जीत केवल खेल की नहीं, बल्कि बिहार की बेटियों के संकल्प और क्षमता का प्रमाण है।" इस ऐतिहासिक मौके पर बिहार ओल. पिक एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. अरुण ओझा और डॉ. पंकज ज्योति भी उपस्थित थे।




पुरुष एकल लॉन बॉल स्पर्धा में चंदन कुमार ने रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें झारखंड के सुनील से हार का सामना करना पड़ा।

मॉडर्न पेंटाथलन में भी बिहार ने अपनी छाप छोड़ी। हल्द्वानी में आयोजित लेजर रन स्पर्धा में प्रिंस 1, प्रिंस 2 और अंकित की तिकड़ी ने कांस्य पदक जीता।

वर्ष 2000 में राज्य विभाजन के बाद यह पहला अवसर है जब बिहार ने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। यह उपलब्धि राज्य में खेलों के विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## *पटना एम्स के एमबीबीएस विद्यार्थियों का अनुकरणीय कार्य सैकड़ों मरीजों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा*

संवाददाता केशव न्यूज

गिरियक (नालंदा) – सेवा भारती, राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन (एनएमओ), पटना एम्स और भारतीय युवा संघ महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में गिरियक प्रखंड के करमपुर गांव में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। शिविर जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं रहा, जहाँ पटना एम्स के एमबीबीएस विद्यार्थियों ने निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श दिया।

शिविर में रितेश कुमार सिंह, दिगंबर दुबे और ऋतिक सिंह ने मरीजों की प्रारंभिक जांच की और आवश्यक औषधियाँ उपलब्ध कराईं। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को उचित उपचार के लिए रेफर किया गया ताकि वे समय पर सही चि. कत्सा प्राप्त कर सकें।

इस सेवा कार्य से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। मरीजों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और विशेष रूप से प्रमोद सिंह और श्याम किशोर



सिंह का धन्यवाद किया, जिनके अथक प्रयासों से यह आयोजन सफल हो सका।

कार्यक्रम के दौरान ऋतिक सिंह का जन्मदिन भी मनाया गया, जिसे मरीजों और सहयोगियों ने बधाइयों से खास बना दिया। उनके निःस्वार्थ सेवा भाव के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

भारतीय युवा संघ महासंघ के प्रमुख दिगंबर दुबे ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ मिल सकें और समाज स्वस्थ एवं समृद्ध बन सके।

# स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगलाल चौधरी की 130वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

संवाददाता केशव न्यूज

स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगलाल चौधरी की 130वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बाबू जगलाल चौधरी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि बाबू जगलाल चौधरी एक मेधावी छात्र थे। एमबीबीएस की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। वर्ष 1937 में उन्होंने कुरसेला, पूर्णिया के इस्टेट से जीत हासिल कर चार कैबिनेट मंत्रियों में स्थान प्राप्त किया था।




समाज को आगे बढ़ाने के लिए निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा दी। पूर्व एलएलए उम्मीदवार शंभु चौधरी ने कहा, आज चौधरी समाज किसी से कमजोर नहीं है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में जरूर पिछड़ा हुआ है। इसे आगे बढ़ाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैला रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि यदि आने वाले विधानसभा चुनाव में चौधरी समाज को राजनीतिक दलों ने अनदेखा किया तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेंद्र चौधरी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने समाज के उत्थान पर जोर देते हुए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पुनपुन रजनी चौधरी, सुभाष चंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, रणधीर चौधरी, विमल चौधरी, दिलीप चौधरी, राजेश चौधरी, सुमित चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

यह समारोह समाज के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में बाबू जगलाल चौधरी के योगदान को स्मरण करने के साथ समाज के विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प था।



मैं निशा कुमारी पति–प्रभात कृष्ण, साकिन बढैता,पो–आदमपुर,थाना–गिरियक,जिला नालंदा की निवासी , शपथ पत्र संख्या 1053 द्वारा घोषणा करती हूं कि निशा कुमारी और निशा कृष्ण दोनों मेरा ही नाम है।




